<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 11.06.2024

"Operation Conviction" के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप मा0 न्यायालय द्वारा अपहरण व हत्या की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को आजीवन कारावास व 35,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया –

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए “Operation Conviction” कार्ययोजना के तहत मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार द्वारा मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर पर अपहरण व हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 774/2020 धारा 363/302/201 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त लवकुश यादव पुत्र रूपलाल निवासी भटुवा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को उपरोक्त धाराओं में माननीय न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-02 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व 35,000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अन्य जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है।

<u>संक्षिप्त विवरणः-</u>

वादी ने थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी कि अभियुक्त द्वारा वादी की बहन का अपहरण कर हत्या कर देने व शव को छुपा दिया गया। जिसके आधार पर मु0अ0सं0 774/2020 धारा 363/302/201 भादवि बनाम लवकुश यादव पुत्र रूपलाल निवासी भटुवा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

<u>पुलिस/अभियोजन टीम-</u>

1-श्री रमाकान्त द्विवेदी ए0डी0जी0सी0 कोर्ट नं0-02 जनपद बाराबंकी
2-निरीक्षक श्री आशुतोष मिश्र प्रभारी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
3-हे0का0 अमर बहादुर सिंह मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
4-म0हे0का0 प्रतिमा द्विवेदी, म0का0 अंशू द्विवेदी मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी
5-का0 आदर्श कुमार मिश्र, का0 नीरज कनौजिया मॉनीटरिंग सेल जनपद बाराबंकी

6-म0का0 मंजू पैरोकार थाना को0नगर जनपद बाराबंकी
7-कोर्ट मो0 म0का0 नीलम सिंह कोर्ट न0-02 जनपद बाराबंकी